13- MAR- BSP- P-1_Layout 1 3/13/2025 8:57 AM Page 1

हरिभूमि
रंगभूमि
होली की शुभकामनाएं
बिलासपुर, शुक्रवार, 14 मार्च 2025

# 171 परिवारों को बसाने के लिए दी जा रही 8 हजार पेड़ों की बलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के तीन गांव के 171 परिवारों का नए स्थान पर विस्थापन शुरु कर दिया गया है। इसके तहत पहले चरण में मुंगेली वन मंडल के क्षेत्र में सावंतपुर और भरतपुर के 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है, जहां एटीआर के तीन गांव के परिवारों को बसानें के लिए 8000 पेड़ों की कटाई का काम शुरू कर दिया गया है।

एटीआर जंगल में बसे ग्रामीणों को दूसरे स्थान पर विस्थापित करने की प्रक्रिया करीब 12 वर्ष से चल रही है। पूर्व में 6 गांव में रहने वाले लोगों को लोरमी और मुंगेली क्षेत्र में विस्थापित करने के उपरांत चार साल से कोर जोन में बसे तीन गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के करीब 133 परिवारों के विस्थापन करने का कार्य हो रहा है। पूर्व राज्य सरकार ने ग्रामीणों को विस्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक राशि का बजट प्रस्ताव बनाया, लेकिन बाद में यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई। एक बार फिर तीनों गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के ग्रामीणों के विस्थापित की योजना शुरु कर दी गई है, जिनके 171 परिवार के लिए मुंगेली के जोगीपुर और भरतपुर में 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है। इन 171 परिवार में से प्रत्येक परिवार को 15-15 लाख रुपए की राशि दी जानी है, ताकि वे एटीआर को खाली करने के बाद दूसरे स्थान पर चले जाएं। इन सभी परिवारों के लिए मुंगेली वन मंडल क्षेत्र में जगह चिन्हांकित करने के बाद पहले चरण में पेड़ों की कटाई का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसमें कटाई का कार्य वर्तमान में 30 फीसदी कम्पलीट हो चुका है।

■ एटीआर के 171 के परिवारों को किया जाना है विस्थापित, पेड़ कटाई के लिए मिला बजट

### 111 परिवार लेना चाहते हैं मकान

प्रबंधन के अनुसार मुंगेली के भरतपुर में बिरारपानी और छिरहट्टा के ग्रामीणों को और सावतपुर में तिलईडबरा के ग्रामीणों को विस्थापन करने का कार्य किया जाएगा। इसमें 133 परिवार हैं, जिसमें से 15 लोगों ने आप्शन वन के तहत 15 लाख रुपए की मांग की है। वहीं 111 परिवार मकान, खेत व अन्य सुविधाएं लेना चाहते हैं। इसमें प्रति परिवार को 2.3 हेक्टेयर जमीन दी जाएगी।



### 16 गांवों का विस्थापन बाकी

पिछले कई सालों से तीन गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के विस्थापन की प्रक्रिया अब तक समाप्त नहीं हुई है। इन तीन गांव सहित कोर जोन में अचानकमार, बिंदावल, सारसडोल, छपरवा, लमनी, अतरियाखार, रंजकी, सुरही, अतरिया, बम्हनी, कटामी, जांकडबांधा, निवासखार, महामाई, डंगनिया और राजक एवं बफर जोन में जमुनाही, बोईरहा, पटपरहा, चकदा व सिवलखार आदि शामिल है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

19 गांव में से तीन गांव तिलईडबरा, बिरारपानी, छिरहट्टा में रहने वाले 171 परिवार के लिए मुंगेली में जगह चिन्हांकित की गई है। इसके लिए स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड की तरह केन्द्रीय बोर्ड भी होती है, जिससे एप्रुवल मिलने के बाद तीनों गांव का विस्थापन कर दिया जाएगा। प्रत्येक घर के अलावा किसानी के लिए खेत व बच्चों के लिए गार्डन या फिर परिवार को 15-15 लाख रुपए दिया जाना है। इस कार्य के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है, जहां से बजट स्वीकृति मिलते ही विस्थापन कार्य शुरु कर दिया जाएगा।

-गणेश यूआर
डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

### 30 फीसदी हो गया कार्य

मुंगेली के जोगीपुर और भरतपुर में एटीआर के तीन गांव के 171 परिवारों के विस्थापन की जगह देखी गई है। इन सभी को विस्थापन करने से पहले जिस स्थान पर विस्थापन होगा वहां पेड़ों की कटाई करने के बाद ले आउट, मकान, स्कूल व अन्य कार्य किए जाएंगे। पेड़ों के कटाई के लिए राशि की जानकारी तो नहीं है, लेकिन अनुमानित 15 लाख रुपए के लगभग लग रहा है। अब तक 30 फीसदी कार्य कम्पलीट किया जा चुका है।

-संजय यादव
डीएफओ, मुंगेली वन मंडल

## खबर संक्षेप



### बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल, सिम्स रेफर

**तखतपुर**। बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गंभीर हालत में स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम समडील नवापारा निवासी मुस्कान लश्कर पिता शोभित राम उम्र 26 वर्ष अपने साथी हेमेंद्र मेहर पिता परदेसी मेहर उम्र 25 वर्ष के साथ पल्सर बाइक में बैठकर मुंगेली की ओर जा रहे थे। पथरिया मोड़ के पास सामने से आ रही बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि उनकी बाइक दो टुकड़ों में बंट गई। आसपास के लोगों की मदद से दोनों युवकों गंभीर स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां उनका प्रथमिक उपचार किया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते बिलासपुर सिम्स रिफर कर दिया।

### तिवारी ने बने कोटा एसडीएम

**बिलासपुर**। जिला प्रशासन ने प्रशासनिक आधार पर डिप्टी कलेक्टर नितिन तिवारी को आगामी आदेश तक कोटा ब्लॉक का अनुविभागीय अधिकारी बनाया है। गुरूवार को कलेक्टर अवनीश शरण ने आदेश जारी किया है। श्री तिवारी ने कोटा एसडीएम के तौर पर ज्वाइनिंग दी है।

### दिनभर बाजार में रही भीड़ लोगों ने जमकर की खरीददारी



**बिलासपुर**। गुरूवार को सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों में लोग खरीददारी करने पहुंचे। लोगों ने मिठाई, नमकीन, रंग व पिचकारी की जमकर खरीदी की। बाजार में भीड़ अधिक होने के कारण शहर के सभी मार्ग यातायात से बाधित रहा। लोगों को गतंव्य तक पहुंचने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। गोला बाजार, शनिचरी, सदर बाजार जैसे तमाम मुख्य मार्ग गाड़ियों से घंटों जाम रहे।

### चाकू लहराते बदमाश युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर**। चाकू लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले बदमाश युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कुदूदण्ड माता चौरा के पास एक युवक चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर कुदूदण्ड निवासी तुलसी सारथी को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## विधि-विधान से किया गया होलिका दहन



सरकण्डा क्षेत्र में गुरुवार की शाम मारवाड़ी समाज की महिलाओं द्वारा धूमधाम से होलिका दहन किया गया।

### शहर में फाग व होली महोत्सव का हुआ कार्यक्रम

# धूमधाम से हुआ होलिका दहन, रंगोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरुवार की देर रात विधि विधान से शहर में जगह जगह होलिका दहन किया गया। इस अवसर पर चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा रहा। रंगों का पर्व होली शुक्रवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर के विभिन्न जगहों में होली उत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें नगाड़ों की थाप पर रंगों की होली खेली जाएगी। इसी तरह कई स्थानों में तो डीजे और कलरफुल पानी की बौछारों में होली का आयोजन किया जा रहा है।

गुरुवार की सुबह से शाम तक होलिका दहन की तैयारियां की जाती रहीं। शाम होते होते ही सामाजिक संस्थाओं द्वारा जगह जगह विशाल होलिका तैयार की गई। रात्रि 10 बजकर 47 मिनट में भद्रा समाप्त होते ही शहर की कई समितियां, संस्थान व महिलाएं गुजिया, नमकीन व पूजा सामग्री लेकर होलिका स्थल पर पहुंचीं। कंडे गौकाष्ठ व लकड़ी से होलिका माता का पूजन कर विधि-विधान से दहन किया गया। लोगों ने परिवार सहित पूजन कर होलिका माता से परिवार की सुख-समृद्धित की कामना की। इस दौरान फाग मंडलियों के सदस्यों ने नगाड़े व मादर की थाप में फाग गीत गाते रहे। भगवन श्रीकृष्ण सहित कई पारंपरिक होली गीतों का गायन किया गया, जिसमें बड़े-बुजुर्ग सहित बच्चों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



### हर्बल गुलाल को लोगों ने किया पसंद

व्यापारी अनमोल सेन ने बताया कि इस बार बाजार में लोगों ने हर्बल गुलाल की खूब खरीदी की। लाल, हरा, आंरेज रंग को लोगों ने खरीदा। लोगों को यह गुलाल पसंद होने के पीछे खासी वजह से यह रही की इसे महिला संगठनों द्वारा महिलाओं द्वारा बनाया गया है, इससे उन्हें आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी।

### मुखौटा व टैंक पिचकारी की डिमांड

व्यापारी अभिषेक गुप्ता ने बताया कि इस बार होली में बच्चों को कॉर्टून, स्पाइडमैन से बने मुखौटा खूब पसंद आए। इसे खरीदने बच्चे दिनभर दुकान पहुंचे, यह मुखौटा सौ रूपए से लेकर पांच सौ रूपए तक बेचे गए। इसी तरह आजकल चल रही टैंक पिचकारी को भी बच्चों ने खूब पसंद किया। जिसे खरीदने बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। यह पिचकारी पांच सौ से लेकर पांच हजार तक बिक्री हुई।

# चप्पे चप्पे पर तैनात पुलिस 800 जवानों की लगी ड्यूटी

जिले में शांतिपूर्ण होली पर्व मनाने पुलिस प्रशासन ने चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की। 100 से अधिक फिक्स पाइंट में पुलिस अधिकारी जवानों को तैनात किया गया। इसके अलावा हुड़दंगियों पर नजर रखने हर थाने में 3 से 5 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई, जो शाम में अपने अपने इलाके में गश्त करते रहे।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, 14 मार्च को आमजनता शांतिपूर्ण होली मना सके। इसके लिए 800 पुलिस अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में 100 से अधिक फिक्स पाइंट बनाए गए हैं। पुलिस अधिकारी व जवानों की नामजद ड्यूटी लगाई है, जो 13 मार्च को शाम 4 बजे फिक्स पाइंट में तैनात हो गए। इसी जिले में 87 पट्रोलिंग पार्टी बनाई गई हर थाने में 3 से 5 पेट्रोलिंग उपलब्ध कराई गई, जो लगातार अपने क्षेत्र में भ्रमण कर हुड़दंग मचाने वालों पर नजर रखते रही। पुलिस लाइन में पृथक से विशेष बलवाडीह पार्टी रिजर्व में रखा हुआ है। कहीं भी दंगा फसाद की सूचना मिलने पर बलवाड्रील के साथ रिजर्व पार्टी मौके पर जाकर बलवाईयों पर कार्रवाई करेगी। इसी तरह पृथक से महिला पट्रोलिंग पार्टी बनाई गई, जो शहर में भ्रमण कर होली खेलने वाली महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करेगी और विवाद होने पर मौके पर पहुंचेगी। इसी तरह 13 मार्च को रात 8 से 10 बजे तक शहर के चौक चौराहे पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया और तीन सवारी व मुखौटा लगाकर चलने वाले वाहन सवारों को हिदायत दी गई। शहर व ग्रामीण क्षेत्र के संवेदशील इलाका में विशेष आर्म्स बल तैनात किया गया है।

■ जिले में बनाए गए 100 से अधिक फिक्स पाइंट



### 3 शिफ्ट में बिजली अधिकारी व कर्मचारी देंगे ड्यूटी, कॉल पर पहुचेगा गैंग

रंगों के त्यौहार होली पर बिजली अधिकारी व कर्मचारी शुक्रवार को बिजली कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान क्षेत्र में होने वाली बिजली समस्यों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। खास बात यह है कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर 3 शिफ्ट में बिजली अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान अतिरिक्त गैंग भी व्यवस्था संभालेंगे। होली को लेकर कर्मचारियों सुबह से रात तक 3 शिफ्ट में ड्यूटी देंगे। इस दौरान सबस्टेशनों पर आपरेटर तैनात रहेंगे। एचटीएम की टीम भी अपने गैंग के साथ कार्यालय में उपस्थित रहेगी। विभाग ने सभी फ्यूज कॉल सेंटरों को लापरवाही ना बरतने की ही हिदायत दी है, अधिकारियों ने बताया कि जोन के एई ऑन कॉल ड्यूटी में रहेंगें, वहीं जेई, लाइनमेन और सहायक लाइनमेन की ड्यूटी कार्यालय में लगाई गई है। इस दौरान एफओसी की अतिरिक्त गैंग भी लगाया जाएगा। बिजली बंद की सूचना पर अधिकारियों को सूचित कर तत्काल मौके लिए वाहन और गैंग भेजी जाएगी। वहीं फ्यूज कॉल 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# नर्सिंग छात्रा की मौत का मामला, अस्पताल में नए मरीजों की भर्ती व ऑपरेशन पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डाक्टर और अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से हुई नर्सिंग छात्रा के मौत के मामले में प्रशासन ने आदेश जारी कर यूनिटी हास्पिटल में नए मरीजों की भर्ती और आपरेशन पर 15 दिनों के लिए रोक लगा दी है। इसके साथ ही अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जांच जारी है, जांच दल द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

डाक्टर द्वारा एनेस्थिसिया की डोज के बाद कोमा में गई स्टूडेंट और इलाज के दो दिन बाद हुई मौत के मामले में यूनिटी हॉस्पिटल पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। नर्सिंग छात्रा किरण वर्मा के गले में थायराइड गांठ की सर्जरी के लिए एनेस्थिसिया लगाया गया था। कोमा में जाने के कारण मौत होने की बात सामने आ चुकी है। उक्त प्रकरण में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर द्वारा टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए गए है। जांच टीम में सिविल सर्जन डॉ. अनिल नर्सिंग होम एक्ट नोडल अधिकारी डॉ. विजय मिश्रा, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. रेणुका सेमुएल, डॉ. उमेश साहू, डॉ. सौरभ शर्मा द्वारा जांच की जा रही है। जांच टीम द्वारा उक्त प्रकरण की जांच कर प्राथमिक रिर्पोट दी गई है। सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी ने प्राथमिक रिर्पोट को कलेक्टर को सौंप दी है। कलेक्टर ने रिर्पोट पर यूनिटी हॉस्पिटल में नए मरीजों की भर्ती करने एवं आपरेशन थियेटर का संचालन पर 15 दिनों की रोक लगा दी है।





यूनिटी हॉस्पिटल की जांच कर निकलते अधिकारी।

**सीएम विष्णुदेव साय ने किया नामकरण**

# जूदेव के नाम पर होगा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, विभाग ने किया आदेश जारी

**बिलासपुर**। कोनी स्थित सुपर मल्टी स्पशलिटी हास्पिटल अब पूर्व केन्द्रीय मंत्री और छत्तीसगढ़ के दिवंगत कद्दावर नेता दिलीप सिंह जूदेव के नाम से जाना जाएगा। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने सीएम विष्णुदेव साय से हास्पिटल का नामकरण करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री के समन्वय अनुमोदित करने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

साल 2024 में 29 अक्टूबर से शुरू हुए सुपर मल्टी स्पशलिटी हास्पिटल में वर्तमान में न्यूरो सर्जन, न्यूरोलॉजी, जनरल मेडिसीन, यूरोलॉजी और कार्डियोलॉजी जैसे स्पेशलिटी डाक्टर मौजूद है। इनकी रोजाना ओपीडी भी शुरू की गई है। दिवगंत नेता दिलीप सिंह जूदेव पूर्व केंद्रीय मंत्री के साथ ही छत्तीसगढ़ में बड़े जनाधार के नेता रहे हैं।

स्व. जूदेव का नाम अविभाजित मध्यप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ में भाजपा के बड़े नेताओं में शुमार था। स्व. जूदेव जांजगीर, बिलासपुर लोकसभा के सांसद के अलावा राज्यसभा के भी सदस्य रहे हैं।



■ पिछले साल 29 अक्टूबर से शुरू किया गया है अस्पताल



### सुशांत ने की थी मांग

कोनी स्थित नवनिर्मित मल्टी स्शिलिटी हॉस्पिटल का नामकरण दिलीप सिंह जूदेव के नाम पर करने की मांग बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से व्यक्तिगत तौर पर चर्चा की थी। 7 मार्च 2024 को लिखे पत्र में विधायक सुशांत ने छत्तीसगढ़ राज्य के विकास एवं उत्थान में स्व. श्री दिलीप सिंह जूदेव का विशेष योगदान का उल्लेख किया था। स्व जूदेव ने ही छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और गौरवशाली राजनीतिक यात्रा का कुशल नेतृत्व करते हुए प्रदेश को एक मजबूत आधार एवं पहचान दी है।

# सही उपचार नहीं मिलने से आवासीय विद्यालय के छात्र की अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला

एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय लाटा में कुछ दिनों से बीमार आदिवासी छात्र की सही समय पर इलाज नहीं होने से मौत हो गई। विद्यालय प्रबंधन ने न तो छात्र का इलाज कराया और न ही उसके परिजन को बीमारी की खबर दी। होली की छुट्टी में परिजन छात्र को घर ले गए तो वहां उसकी तबीयत और बिगड़ गई, लेकिन उपचार के दौरान छात्र की मौत हो गई। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय लाटा का मामला

जानकारी के अनुसार पेंड्रा के सरखोर गांव का रहने वाला कक्षा 9वीं का छात्र शिवम सिंह श्याम एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय लाटा छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा था। छात्रावास प्रबंधन द्वारा छात्र की तबीयत खराब होने पर उसका न तो इलाज कराया गया और न ही परिजन को बच्चे की तबीयत खराब होने की जानकारी दी गई। होली की छुट्टी पर परिजन छात्र को घर ले गए तो वहां उसकी तबीयत और बिगड़ गई। स्वास्थ्य बिगड़ने पर परिजन ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया, जहां छात्र में खून की कमी बताई गई। चौंकाने वाली बात यह है छात्रावास में रह रहे छात्र-छात्राओं का पूरी तरह से ख्याल रखने का कार्य छात्रावास प्रबंधन का होता है। अगर छात्र को कोई बीमारी थी तो इसका इलाज पहले से ही छात्रावास प्रबंधन को कराना चाहिए था या छात्र के परिजन को सूचित करना था, लेकिन प्रबंधन ने ऐसा कुछ नहीं किया। मृतक छात्र के परिजन ने छात्रावास प्रबंधन पर गम्भीर आरोप लगाए हैं। बहरहाल मामले में गौरेला थाने ने मर्ग कायम किया गया है।




### जांच के बाद कार्रवाई

मर्ग कायम कर लिया गया है, मामले में जांच के पश्चात कार्रवाई की जाएगी

-नवीन बोरकर, थाना प्रभारी, गौरेला

### निलंबन की अनुशंसा

हॉस्टल प्रबंधन की लापरवाही देखने को मिली है मामले में छात्र को कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या थी तो अधीक्षक को स्वयं चिकित्सालय ले जाना चाहिए परंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया। अधीक्षक केंद्र सरकार से संबंधित होने के कारण जिला प्रशासन उन पर कार्रवाई नहीं कर सकता है। जिला कलेक्टर के द्वारा निलंबन हेतु अनुशंसा की गई है।

-**गोपेन मनहर**, कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग

# होली को लेकर लोगों में उत्साह, प्रशासन मुस्तैद

## दिन भर बाजार में रही लोगों की भीड़, जमकर हुई खरीददारी

**मुंगेली।** होलिका दहन के पूर्व नगर में होली का माहौल नजर आने लगा। बाजारों में रंगों के त्यौहार होली मनाने के लिए लोगों में भारी उमंग दिखी। मिठाई दुकानों, किराना दुकानों एवं कपड़ों की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी गई। त्यौहार में आवश्यक चीजों की खरीदी के लिए लोग जुटे रहे। शाम होते ही युवाओं की टोलियां फाग की धुन के साथ होवी की मस्ती में मगन हो गए।






देर रात तक क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया जाता रहा। लोगों ने होलिका दहन कर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली की पूर्व संध्या नगर की अंग्रेजी व देशी शराब दुकानों में भारी भीड़ देखी गई। होलिका दहन के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में चौंक-चौराहों पर होलिका बनाई गई। नगर के लगभग 20 स्थानों में बड़ा बाजार, पुराना बस स्टैण्ड, पुलपारा मलाई घाट, दाऊपारा, रावणभाठा, कुम्हार पारा, विनोबा नगर, नया बस स्टैण्ड, तिलक वार्ड, पड़ाव चौक, खर्रीपारा आदि स्थानों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम रामगढ़, खैरवार, नवांगांव, घुठेरा, संगवा, सुरदा, देवगांव, करही आदि ग्रामों में होलिका दहन के पूर्व ही लोग होलिका दहन किया गया।

### होलिका दहन के बाद हर्षोल्लास के साथ शुरू हुई होली

**तखतपुर।** रंगों के पर्व होली को लेकर पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास का वातावरण देखने को मिला। होली को लेकर युवा, बच्चे एवं बुजुर्ग सभी में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। एक दिन पहले ही बाजार में रंग पिचकारी और गुलाल खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। लोग दैनिक उपयोग के सामान खरीदने के लिए सुबह से ही दुकानों में पहुंचे और देर रात तक खरीददारी करते रहे। पंडित जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा की रात भद्रा रहित मुहूर्त में किया जाता है। इस साल फाल्गुन पूर्णिमा 13 मार्च को सुबह 10:11 बजे से शुरू हो गई, इसी समय से भद्रा भी शुरूआत हो गई। पूर्णिमा 14 मार्च शुक्रवार को दोपहर 11:15 बजे तक रहेगी। इसी क्रम में पंचांग के अनुसार कल 13 मार्च को होलिका दहन किया गया।



### टीआई के नेतृत्व में सीपत पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**सीपत।** होली के पूर्व आमजन को सुरक्षा का एहसास कराने और हुड़दंगियों को संदेश देने के लिए सीपत पुलिस ने थाना प्रभारी गोपाल सतपथी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। होली पर शांति व्यवस्था कायम करने और लोगों से त्योहार परंपरा के अनुरूप आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल हुए। टीआई गोपाल सतपथी ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य प्रशासन की कानून व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास जगाना और साथ ही उपद्रवियों और असामाजिक तत्वों को चेतावनी देना है। पुलिस उगड़बड़ी फैलाने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटने के लिए तैयार है। अपराधियों और उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसा करने वालो से पुलिस सख्ती से निपटेगी। इस दौरान थाना प्रभारी गोपाल सतपथी, एएसआई सहेत्तर कुर्रे, एएसआई धर्मेंद्र यादव, प्रधान आरक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, कौशल प्रसाद वस्त्रकार, परमेश्वर ठाकुर, जेएस बंजारे, मनहरण ठाकुर आरक्षक प्रकाश जगत, प्रियंका मिश्रा, ज्योति जगत सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### ममता को मिला स्व. रामप्रताप स्मृति स्वर्ण पदक



**बिलासपुर।** शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा स्नातक कन्या महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में एम लास्ट सेमेस्टर की छात्रा ममता चंद्राकर को शिक्षा विद रहे स्व. रामप्रताप तिवारी स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। पथरिया विकासखंड के अमोरा कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वंदना तिवारी द्वारा स्व. रामप्रताप तिवारी की स्मृति में यह पदक हर वर्ष दिया जाता है। ज्ञात हो कि स्व. रामप्रताप तिवारी, बिलासपुर समेत अविभाजित मध्यप्रदेश के विभिन कॉलेजों में प्रिंसिपल व एडिशनल डायरेक्टर हायर एजुकेशन रहे। अनेक छात्रों ने उनके निर्देशन में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। स्व तिवारी गुरु घासीदास विवि विद्यालय के कई मौके पर प्रभारी कुलपति के दायित्व का भी निर्वहन किया था। वे राजनीति शास्त्र के विद्वान प्रोफेसर रहे। डॉ वंदना तिवारी ने बताया कि स्व. रामप्रताप तिवारी उनके पितृ तुल्य चाचा थे। उनके प्रेणास्रोत भी रहे है। उनकी स्मृति को चीर स्थायी बनाने व प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने उनके द्वारा यह पदक दिया जाता है। इसमे वार्षिक कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य एस आर निराला, प्रवीण पांडेय,अतुल बजाज, प्रो संजय तिवारी आदि मौजूद थे।

### स्वच्छता दीदियों को कचरा प्रबंधन के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** विकासखंड तखतपुर के ग्राम भरनी में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता दीदियों को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में समूह की 11 दीदियों ने भाग लिया। दीदियों को कचरा प्रबंधन के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी गई। अपने आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का जिम्मा ली जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह की स्वच्छता दीदीयों के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया कचरा पृथक्करण के विषय में समझाया गया। कितने प्रकार से कचरा पृथक करना है उसकी जानकारी दी गई। केंद्र में व्यवहारिक प्रशिक्षण समूह की दीदीयों द्वारा दिया गया जिसे स्वच्छता समूह की दीदीयों ने सुना, समझा और अपने ग्राम पंचायत को स्वच्छ करने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत से करुणा, जसवंत जांगडे, जनपद पंचायत तखतपुर सरपंच भरनी और समूह की 11 दीदीयों ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण देने के लिए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि से प्रांत संयोजक अक्षय और राजेश मौजूद थे।

### जोन के हितग्राहियों को मिलेगी दूरस्थम चिकित्सा सुविधा

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश के मार्गदर्शन पर स्वास्थ्य विभाग ने टेलीमेडिसिन, टेलीकन्ससल्टेरशन द्वारा रेलवे के दूर दराज क्षेत्रों को मेडिकल की सुविधा मुहैया कराने नई पहल की है। इसमें बड़े शहरों जैसे बिलासपुर, रायपुर, नागपुर के केन्द्रीय चिकित्सालय अथवा मंडल चिकित्सालय व पालीक्लीनिक में बैठे विशेषज्ञ छोटे-छोटे हेल्थ यूनिट के मरीजों को वर्चुअल माध्यम से जोड़ा गया है। उनकी चिकित्सा संबंधी जानकारी एचएमआईएस द्वारा प्राप्त होने के पश्चात गूगल मीट एवं व्हाट्सएप कॉलिंग से मरीजों को कांफ्रेंस में लेकर विशेषज्ञों से परामर्श दिया जा रहा है। इस माध्यम से मरीजों को बार-बार केन्द्रीय चिकित्सालय व मंडल चिकित्सालय में चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उन्हें घर बैठे अपने हेल्थ यूनिट में ही जांच हेतु परामर्श दिया जा सकेगा। आपातकाल की स्थिति में तुरंत विशेषज्ञ अपने अधीनस्थ चिकित्सक को भर्ती हेतु परामर्श दे सकेंगे, जिससे सही समय पर उपचार पहुंचाकर जानमाल की रक्षा की जा सकेगी। यह पहल भविष्य में चिकित्सा के क्षेत्र में काफी लाभप्रद साबित हो सकता है। टेलीमेडिसीन, टेलीकन्सिलटेशन सुविधा मेडिसीन, नेत्ररोग, अस्थिरोग, शिशुरोग, स्त्री एवं प्रसुति रोग, शल्यम चिकित्सा में उपलब्ध है। रेलवे हितग्राही इस सुविधा का लाभ उठाने हेतु अपने नजदीक स्वास्थ्य इकाई हेल्थ यूनिट में संपर्क कर सकेंगे।

### निःशुल्क टैली और कंप्यूटर बेसिक प्रशिक्षण शिविर 17 से

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट दवारा निःशुल्क टैली और कंप्यूटर बेसिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 17 मार्च से किया जा रहा है। इसमें युवक-युवाओं को कंप्यूटर में अकाउंट (टैली) का काम और कंप्यूटर बेसिक सिखाया जाएगा। जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया की प्रशिक्षण का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक रहेगा। इसी तरह दोपहर 3 बजे शात 4 बजे तक रखा गया है। उक्त प्रशिक्षण शिविर 15 दिनों का रखा गया है आयु सीमा बंधित नहीं है।

## फाग गीतों का लिया आनंद, दी एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं

# मातृ शक्तियों ने एक-दूसरे को लगाया गुलाल

### होली पर नगर विधायक अमर ने दी शुभकामनाएं

**बिलासपुर।** नगर विधायक अमर अग्रवाल ने होली के पावन अवसर पर समस्त नगरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय, बुराई पर अच्छाई की जीत और प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने कहा होली का यह रंगों भरा पर्व हमें समाज में भाईचारे और समरसता को बढ़ाने का संदेश देता है। पुराणों में भी इस पर्व की परंपरा को आरंभ होने की कथाएं हैं, जिनमें होलिका दहन की कथा सबसे लोकप्रिय है।



धर्मावलंबी आज भी इस कथा को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में याद करते हैं। होलिका दहन एवं होली के पावन अवसर पर जारी अपने संदेश में श्री अग्रवाल ने प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह होली सभी के जीवन में खुशियों और समृद्धि के सुंदर रंग भरे। सारे कष्ट होलिका दहन की पावन अग्नि में जलकर राख हो जाएं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे हानिकारक रासायनिक रंगों के बजाय प्राकृतिक और हर्बल रंगों का उपयोग करें, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण को कोई हानि न पहुंचे। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह पर्व सामाजिक सौहार्द, प्रेम और मेलजोल बढ़ाने का अवसर देता है। भाजपा सरकार के सुशासन में प्रदेश चौतरफा विकास के रंगों से सराबोर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर है, वहीं प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों और विभिन्न योजनाओं से हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर सुरक्षित, खुशहाल और रंगों से भरी होली मनाएं और प्रेम व सद्भाव से इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाएं।

### नारी शक्ति का होली आयोजन, शाल श्रीफल से हुईं सम्मानित



होली पर्व की पूर्व संध्या पर नारी शक्ति छत्तीसगढ़ बिलासपुर संस्था द्वारा स्थानीय विकास नगर 27 खोली स्थित आनंद अपार्टमेंट में भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष का सम्मान महिला दिवस पर नगर की तीन महिला विभूतियों को सर्वश्री प्रथम ख्याति प्राप्त कवियत्री साहित्यकार रश्मि रामेश्वर गुप्ता को समर्थ चेतना मंच की सामाजिक कार्यकर्ता अंजली चावड़ा एवं बच्चों के लिये जीवन समर्पित करने वाली बहन अनिता रात्रे को संस्था की डॉ. शकुंतला जितपुरे, डॉ. उषा किरण बाजपेयी, इन्द्रा चौधरी, मंजु पाटनी, संध्या तिवारी, ममता मिश्रा, त्रिवेणी भोई, क्रामनी पांडेय, डॉ. रश्मि बाजपेयी ने श्रीफल,शाल व पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीगणेश वंदना की प्रस्तुति क्रामनी पांडेय ने किया। संस्था की अध्यक्ष डॉ. उषा किरण बाजपेयी ने संस्था की चल रही गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सभी बहनों का रोचना तिलक कर सुगंध से स्वागत किया गया। तत्पश्चात होली फाग गीत, भजन, कविता पाठ बबली चन्द्राकर, बिसेन, किरण शुक्ला द्वारा प्रस्तुत किया गया। नारीशक्ति की अध्यक्ष ने प्रत्येक बहनों से परची उठाकर विभिन्न सामाजिक विषयों स्वच्छता, पर्यावरण, क़ानून, योग विज्ञान, कला एवं संस्कृति,धर्म का आचरण आदि विषयों पर तीन मिनट में विचार रखने आमंत्रित किया जिसकी सभी बहनों ने तारीफ की। कार्यक्रम के अंत में सभी बहनों ने सूखी होली गेंदें गुलाब की पंखुड़ियों से वर्षा कर सामूहिक नृत्य का आनंद लिया। आभार प्रदर्शन डॉ. रश्मि बाजपेयी, त्रिवेणी भोई द्वारा किया गया। स्वल्पाहार का सभी बहनों ने आनंद उठाया।

#### इनकी रही उपस्थिति

उक्त अवसर पर डॉ. उषा किरण बाजपेयी, बिन्नी सलूजा, इंद्रा चौधरी, त्रिवेणी भोई, माया चंद्राकर, कंचन कौशिक, अनंता मनोहर, डॉ. शकुंतला जितपुरे, अंजली चावड़ा, संध्या तिवारी, कामनी पांडेय, प्रीति तिवारी, ममता मिश्रा, मंजु पाटनी, किरण शुक्ला, श्रृष्टी गोस्वामी, कमलेश्वरी, सरिता,डॉ. रश्मि बाजपेयी, रश्मि रामेश्वर गुप्ता, पटेल मेम, पूनम शुक्ला, मृदुला अवस्थी सहित काफ़ी संखियां में नारीशक्ति उपस्थित रही।

### छग कर्मचारी, अधिकारी फेडरेशन का होली मिलन समारोह



होली पर्व की पूर्व संध्या पर फाग गीतों का आनंद लेते कर्मचारी संघ के सदस्य।

पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग परिसर में गुरुवार को कर्मचारी फाग गीतों पर जमकर झूमें। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा बिलासपुर द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें नगाड़े की थाप पर कर्मचारियों ने रंग गुलाल उड़ाकर फाग गीतों का आनंद उठाया। शासकीय कार्यालयों परिसरों में भी आज होली का रंग छाया रहा और भोजन अवकाश के बाद तो अधिकांश शासकीय कार्यालय खाली हो गए थे। वहीं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा बिलासपुर द्वारा पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जमकर रंग गुलाल उड़ाए गए और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गई। नगाड़े की थाप पर फाग गीतों में कर्मचारी झूमते, नाचते होली की मस्ती में डूबे रहे। इस अवसर पर फेडरेशन के संभाग प्रभारी जीआर चन्द्रा, जिला संयोजक डॉ. बीपी सोनी, महासचिव किशोर शर्मा, लिपिक संघ के प्रांत अध्यक्ष रोहित तिवारी, महामंत्री सुनील यादव आदि ने सभी को शुभकामनाएं दी।

### मध्यनगरीय युवा मंच ने किया बुजुर्गों का सम्मान

होली फाग की 28 साल पुरानी परंपरा मध्यनगरीय युवा मंच द्वारा जिसमें सभी सम्मानित बुजुर्गों का फूल माला बताशे के साथ सम्मान किया गया। पुनः परंपरा की शुरुआत की गई। इसकी शुरुआत मध्य नगरी युवा मंच के नारायण तावड़कर द्वारा कराया गया। जिसमें नीरज वर्मा सुनील पंडा, राज शर्मा, जय शर्मा, पिंटू सोनी, राकेश रजक शुभम रजक, काजू ,रवि सिंह राज होटल ( लालू भाई ) बिल्लू अग्रवाल, कैलाश सोनी, पीलू कटेलिया द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष मुख्य अतिथि मित्र मंडली में महेश दुबे (टाटा महाराज), विनय शर्मा, राजकुमार तिवारी,अरविंद शुक्ला, संतु पांडे,चट्टू अवस्थी और टाइगर ग्रुप के सदस्य मौजूद थे।



मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल सदस्य।

### पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रि-शताब्दी समारोह का आयोजन



देवरीखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किया गया। जहां समिति के सदस्यों ने सुंदरकांड पाठ, भजन एवं अहिल्याबाई होलकर के विषय में व्याख्यान दिया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पूनम सिंह, विशेष अतिथि प्रतिभा चंदेल, मुख्य अतिथि संगीता सिंह रहीं। कार्यक्रम का आयोजन अनुपमा श्रीवास्तव एवं नीलम सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी मातृ शक्तियों को रंग-गुलाल लगा कर होली मनाया गया। इस मौके पर जया अग्रवाल, मंजू तिवारी, रंजीता सिंह, मौसम अग्रवाल, कांति महर, संगीता, आशा सिंह, शर्मा परिवार, पांडेय परिवार इत्यादि सदस्य उपस्थित थे।

### जेपी हाईट्स में होलिका दहन



जेपी हाईट्स, शुभमविहार निवासी निशा ललित अग्रवाल अपनी पुत्रबहु मोनिका निलेश अग्रवाल व रानू मयंक अग्रवाल के साथ होलिका पूजन किया।

#### सरकंडा खेल परिसर का किया निरीक्षण

## कलेक्टर ने चिल्ड्रन स्वीमिंग पूल की धीमी गति पर ठेकेदार को फटकार लगाई



**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने चिल्ड्रन स्वीमिंग पूल की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई। वहीं सरकंडा खेल परिसर में बच्चों के लिए बनाए गए स्वीमिंग पूल सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण भी किया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कलेक्टर अवनीश शरण ने बुधवार को सरकंडा स्थित खेल परिसर में बच्चों के लिए बनाए जा रहे स्वीमिंग पुल सहित अन्य कामों का निरीक्षण किया। निगम कमिशनर अमित कुमार भी इस दौरान उनके साथ थे। उन्होंने मौके पर चिल्ड्रन स्वीमिंग पूल सहित अन्य निर्माण कार्यो की प्रगति देखी और सभी कार्यो को तय समय में पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। ताकि बच्चे यहां तैराकी प्रशिक्षण ले सके। इस दौरान पीडब्ल्यूडी, स्मार्ट सिटी परियोजना से संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार मौजूद थे। कलेक्टर ने बिलासपुर स्मार्ट सिटी द्वारा स्वीमिंग पूल में शेड निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्हें बताया गया कि यह शेड निर्माण कार्य अप्रैल माह तक पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर ने इसके संबंध में जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने चिल्ड्रन स्वीमिंग पूल, वेटिंग रूम एवं इंडोर हॉल मरम्मत काम का जायजा लिया। इस काम को भी पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। चिल्ड्रन स्वीमिंग पूल की धीमी गति पर ठेकेदार को फटकार लगाई। स्वीमिंग पूल, वेटिंग रूम एवं इंडोर हॉल मरम्मत के लिए 99 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसका निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है।

■ चिल्ड्रन स्वीमिंग पूल सहित अन्य कामों को जल्द पूरा करने दिए निर्देश

#### भारतीय बौद्ध महासभा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## बोध गया मंदिर प्रबंधन समिति अधिनियम को निरस्त करने की मांग



**बिलासपुर।** बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति अधिनियम 1949 को निरस्त कर नया कानून बनाकर बौद्धों को सौंपने संबंधी मांग कलेक्टर अवनीश शरण के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री नीतिश कुमार बिहार प्रांत से मांग की गई है।

कलेक्टोरेट कार्यालय डिप्टी कलेक्टर नीतिन तिवारी को एच.सी. दाहाट बैंगलोर कर्नाटक प्रभारी व महेश चन्द्रिकापुरे प्रांतीय संयोजक भारतीय बौद्ध महासभा के नेतृत्व में भारतीय बौद्ध महासभा जिला शाखा, बौद्ध समाज, डॉ. अम्बेडकर युवा मंच, महिला विंग समिति भारतीय बौद्ध महासभा, महिला सशक्तिकरण संघ व ऑल इण्डिया बुद्धिष्ट फोरम, बुद्धयान सोसाइटी रजिस्टर्ड बौद्ध समाज बिलासपुर के समस्त सभी सक्रिय प्रदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन सौंपा। इसमें सभी प्रतिनिधियों ने निंदा की। डिप्टी कलेक्टर नीतिन तिवारी ने चर्चा के उपरांत कहा कि संबंधित सभी ज्ञापन आवेदनों को सभी विभागों/कार्यालयों में भेज दिया जाएगा। यह जानकारी भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष राजेश हुमने व डॉ अंबेडकर युवा मंच के संस्थापक सदस्य कुणाल रामटेके ने संयुक्त रूप से दी।

इस मौके पर एस.आर. वाल्के, मधुकर, सूर्यकान्त भालाधरे, मनोज, विनोद, संतोष, महिपाल, तरुणा, अजय, कुंदन, प्रकृति, राजा, अनिता, वंदना, अनामिका, शैलेश, सरिता, चंदन, पीके बेले, सूचिता, कुणाल, वर्षा, देवेंद्र, विकास, रमेश, गोपाल, सुखनंदन, दुर्गेश, एन आर हुमने, नितेश सहित समाज के अन्य लोगों ने उक्त मांग को पूरा करने की मांग की है।

## अब जरहागांव में टाइगर दिखने की अफवाह, वन अमला हलाकान

**बिलासपुर।** एक दिन पहले तखतपुर वन परिक्षेत्र के चोरभठ्ठी और हांफा में टाइगर के पग मार्क और दूसरे दिन जरहगांव में टाइगर दिखने के अफवाह उड़ने के बाद वन विभाग का अमला मौके पर तो पहुंचा, लेकिन वहां मवेशियों के अलावा किसी भी टाइगर के पग मार्क वन विभाग की टीम को दिखाई नहीं दिए। बार-बार टाइगर दिखने के अफवाह के कारण अब वन विभाग का अमला भी परेशान हो गया है।

एक सप्ताह पहले बिलासपुर वन मंडल के तखतपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत कठमुंडा में टाइगर ने एक किसान पर हमला कर दिया था। सूचना पर बिलासपुर वन मंडल, कानन पेण्डारी जू की रेस्क्यू टीम और अचानकमार टाइगर रिजर्व का अमला मौके पर पहुंचकर टाइगर की खोजबीन करना शुरु कर दिया। इस दौरान टाइगर के पग मार्क भी दिखाई दिए, जिसके कारण वन विभाग के अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र में अलर्ट घोषित करते हुए टीम को टाइगर पर निगरानी रखने का आदेश दे दिया। बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ सत्यदेव शर्मा ने भी टाइगर के जंगल की ओर चले जाने और गांव का माहौल सामान्य होने की पुष्टि की थी। इसके बाद टाइगर के कभी मुंगेली तो कभी कोटा और कभी रतनपुर एवं बेलगहना में होने की अफवाह उड़ती रही। इस अफवाह में कई लोग टाइगर की तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया में वायरल भी करना शुरु कर दिए, जिसके कारण वन विभाग के अमले ने अफवाह होने के बावजूद घटना की आशंका को देखते हुए मौके पर जाकर जांच भी किया। इस जांच में टाइगर तो दूर उसके पग मार्क भी कहीं नजर नहीं आए। एक दिन पहले 12 मार्च बुधवार को अचानक एक अफवाह फिर से उड़ाई गई, जिसमें टाइगर के साथ एक मवेशी के दोनों कटे सिंघ का फोटो खींचकर वायरल करते हुए चोरभठ्ठी और हांफा में मौजूद रहने और ग्रामीण एरिया में दहशत होने की अफवाह उड़ा दी गई। इसकी जानकारी मिलते ही बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ सत्यदेव शर्मा ने तत्काल तखतपुर वन परिक्षेत्र के रेंजर योगेश कोरी सहित उड़नदस्ता, अचानकमार टाइगर रिजर्व और कानन पेण्डारी जू की रेस्क्यू टीम को मौके पर पग मार्क खोजबीन करने के लिए रवाना कर दिया। सुबह से टीम पूरे क्षेत्र में पग मार्क खोजती रही।

## राजेन्द्र पर लगा कांग्रेस भवन को अपमानित करने का आरोप

**बिलासपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव में हार के बाद कांग्रेस में एक और विवाद सामने आ गया है। जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव दौरान मार्गदर्शन कर रहे कांग्रेस नेता राजेन्द्र शुक्ला पर अब कांग्रेस भवन को अपमानित करने, अपशकुन व वास्तुदोष बताने का आरोप लगा है। जिला पंचायत सदस्यों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

■ कार्रवाई की मांग

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 मस्तूरी से जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र धीवर ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर कहा है कि 8 मार्च को जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना था। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सतकली बावरे को अध्यक्ष पद के लिए और स्मृति श्रीवास को उपाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया था। दो और जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस पार्टी को समर्थन देने के लिए अपनी सहमति दी थी। 17 सदस्यीय जिला पंचायत में कांग्रेस समर्थकों की संख्या 8 तक पहुंच गई थी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुनाव के लिए वरिष्ठ नेताओं का विचार था कि सभी सदस्य एकजुट होकर चुनाव में भाग लें और इसके लिए कांग्रेस भवन बिलासपुर में इकटठा होने का निर्णय लिया था।

कांग्रेस भवन से ही अध्यक्ष पद के लिए नामांकन एवं मतदान, फिर उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन एवं मतदान के लिए रवानगी का रोडमैप तैयार किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार बोदरी**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**-: नोटिस प्रकाशन:-**
कमांक/38/ वा. तह. बोदरी/2025
बोदरी दिनांक 07/03/2025

प्रति, 1. किरीप राम 2. धनीराम राम निवासी ग्राम बोदरी तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आवेदक तुलसीदास कुलदीप निवासी नगर पंचायत बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बोदरी म.न. 05 प.ह.न. 01 रा.नि.म.बोदरी तहसील बोदरी स्थित भूमि खसरा नंबर 362 रकबा 0.03 एकड़ भूमि को छ.ग.भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत त्रुटि सुधार किये जाने हेतु न्यायालय अनुविभागिय अधिकारी (रा) बिल्हा में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो बिन्दुवार जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ हैं। तथा सुनवाई का दिनांक 21/03/2025 को 11:00 बजे स्थान तहसील बोदरी पर नियत किया गया है। अतः आपको एतद् द्वारा सुचना दी जाती है। कि आप या तो स्वंय या किसी अभिभावक अथवा प्रतिनिधि द्वारा नियत दिनांक पर उपस्थित हो तथा अपनी आपत्तियां कोई हो प्रस्तुत करें।

इस प्रकार उपस्थित न हो पाने पर और अपनी आपत्तिया प्रस्तुत न कर पाने की दशा में यह अनुमान किया जायेगा कि आपको अभिलेख त्रुटि सुधार किये जाने के संबंध मे कोई आपत्ति नही है।

**तहसीलदार**
**बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं क्रेता ताजन प्रसाद दुबे, पिता स्व. श्री रामझूल दुबे, जाति ब्राम्हण, निवासी-शास्त्री नगर, नया सरकण्डा बिलासपुर (छ.ग.), मौजा-अमेरी, प.ह.नं. 43 (न्यू गीता पैलस के सामने) गोकुल धाम रोड बिलासपुर, तहसील-सकरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग) में स्थित 1. खसरा नंबर 30/5/क/3, 900 वर्गफीट, 2. खसरा नंबर 30/5/क/4, 600 वर्गफीट, कुल-1500 वर्गफीट खाली जमीन स्थित है। जो कि श्रीमती दीपमाला चंद्राकर, पति श्री राजेश चंद्राकर जाति -कुर्मी, पेशा-गृहणी, निवासी-हाउस नं. 56, वार्ड नं. 05 ग्राम-रापा कुडा, पण्डरिया, जिला-कवर्धा (छ.ग.) के नाम से पटवारी रिकार्ड पर दर्ज है। उपरोक्त भूमि को मेरे द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर मेरे द्वारा ब्याना राशि प्रदान कर दिया गया है। अगर किसी व्यक्ति या संस्था/बैंक को इसमें कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मुझसे संपर्क कर मय कागजात सहित आपत्ति दर्ज करा सकते है। इसके पश्चात भूमि के पंजीयन उपरांत की गई आपत्ति मान्य नहीं होगा। सो सूचना जाने।
दिनांक 13-03-25

**भवदीय**
**नाम-ताजन प्रसाद दुबे**
**पिता स्व. श्री रामझूल दुबे**
**निवासी- शास्त्री नगर,**
**नया सरकण्डा बिलासपुर (छ.ग.)**
**मोबाईल नं. 9300667085**

**न्यायालय नायब तहसीलदार जरहागांव**
**जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**/ / नोटिस / /**
रा.प्र.क्रं. 202403250100073/अ-6"अ"/ 2023-24
ग्राम- दाऊकापा प.ह.नं. 11

एतद् द्वारा 1. भगवती पिता कार्तिकराम निवासी तखतपुर 2. प्रमोद पिता पिता कार्तिकराम निवासी तखतपुर 3. गजानंद पिता कार्तिकराम निवासी तखतपुर 4. सीता पिता कार्तिकराम निवासी तखतपुर 5. जेठिया बाई बेवा कार्तिकराम 6. सेवकराम पिता चंदूलाल को सूचित किया जाता है कि आवेदक फिरंता पता स्व0 संतू जाति तेली, निवासी ग्राम दाऊकापा, तहसील जरहागांव जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा ग्राम दाउकापा स्थित संयुक्त खाता की भूमि खसरा नंबर 43/2/ख, 73/1, रकबा 0.340, 0.219 हे. तथा खसरा नंबर 202/2, 179/5, 179/6, 205/19, 202/3 रकबा क्रमशः 0.166, 0.065, 0.093 हे. का छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115, 116 के तहत अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। जिसमें आप बतौर अनावेदकगण है। अतः उक्त अभिलेख सुधार के संबंध में कोई आपत्ति / दावा या उजर हो तो आप स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 24.03.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं उक्त खाता विभाजन के संबंध में मौन सहमति मानी जावेगी।

आज दिनांक 10.03.2025 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं पद सील से हस्ताक्षर कर जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**जिला-मुंगेली जरहागांव (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. हरेन्द्र तिवारी पि. श्री रघुवंश 2. शशिकांत तिवारी पिता ह्दयानंद तिवारी निवासी दोनों विनोबा नगर तहसील व जिला बिलासपुर पर नाम से ग्राम सकरी प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 639/14, 641/7 रकबा 2100 वर्गफुट पर भूमि मकान स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार 1. श्री आलोक कुमार पि. भरतलाल 2. आदिती पाण्डेय पिता/ पति श्री आलोक कुमार पाण्डेय निवासी चक्रधर नगर रायगढ़ तहसील व जिला रायगढ़ द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए। अग्रिम राशि बयान बतौर प्रदान करते हुए अनुबंध पत्र निष्पादित करवाये हैं। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि/ मकान पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि/ मकान के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे। अस्तु सूचना जानें। दिनांक 13.03.2025

**राममनोहर दुबे**
**अधिवक्ता / नोटरी**
**स्टेट बैंक के सामने,**
**नया सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 98271-73623**
**क्रेता 9907290179**

**कार्यालय नजूल निरीक्षक, नजूल शाखा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// सीमांकन सूचना //**
क्रमांक / / रा.नि. / नजूल
बिलासपुर, दिनाँक 10/03/2025

प्रति, 1. श्रीमती सुषमा घई पिता स्व. कृष्ण लाल घई 2. भरत बजाज पिता भावनदास निवासी राजेन्द्रनगर 3. अनिल गुप्ता पिता शिव कुमार गुप्ता 4. अन्य हितबद्ध भूमिस्वामी।
विषय:- सीमांकन के समय उपस्थित होने बाबत।
संदर्भ:-न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर का आदेश दिनाँक 27/02/2025

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका सुषमा घई पिता स्व कृष्ण लाल घई निवासी राजेन्द्रनगर बिलासपुर के द्वारा नगर-बिलासपुर मोहल्ला चांटापारा शीट नम्बर 02 प्लाट नम्बर 47/3, 47/4, 47/5, 47/10 रकबा 300, 1400, 78, 1482 वर्गफीट भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनाँक 24/03/2025 को समय 2:00 बजे किया जावेगा। आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने दस्तावेज सहित स्थल पर उपस्थित रहे। आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए सीमांकन किया जाकर न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर को अवगत कराया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**नजूल बिलासपुर**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास परसदा सकरी बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-185, आबंटी श्रीमती नेहा सिंह राजपुत पति श्री संजय सिंह राजपुत, को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 09.02.2012 को पंजीकृत किया गया है। आवंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती आरती श्रीवास पति श्री ओमप्रकाश श्रीवास, को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि कोउक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**खबर संक्षेप**

### कोव्वूरू में रूकेगी बिलासपुर-तिरूपति

**बिलासपुर।** कोव्वूरु स्टेशन में बिलासपुर से तिरूपति के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का स्टापेज दिया जाएगा। रेल प्रशासन ने यात्रियों की मांग व उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 17481/17482 बिलासपुर से तिरुपति और तिरुपति से बिलासपुर एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव दक्षिण मध्य रेलवे के कोव्वूरु स्टेशन में 6 माह के लिए दिया जा रहा है। 18 मार्च से बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस और 16 मार्च को तिरूपति से रवाना होने वाली 17482 तिरुपति-बिलासपुर एक्सपेस कोव्वूरु स्टेशन पर रोकी जाएगी।

### डीआरएम की अध्यक्षता में हुई पीएनएम बैठक

**बिलासपुर।** दपूमरे बिलासपुर मंडल में 12 व 13 मार्च को मंडल स्तर पर दो दिवसीय पीएनएम परमानेंट नेगोशियेशन मशीनरी बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता डीआरएम राजमल खोईवाल ने की। इस दौरान एडीआरएम योगेश देवांगन, चंद्रभूषण भी मौजूद थे। संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. अंशुमान मिश्रा, मंडल कार्मिक अधिकारी रूहीना तुफैल खान ने किया। इसमें शाखा अधिकारियों के अलावा साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, बी कृष्णकुमार, लक्ष्मण राव, दिलीप स्वाइन, आरके यादव, रवि धल सहित अन्य शाखा सचिव शामिल थे। इस दौरान मान्यता प्राप्त संगठन साउथ ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस की ओर से उठाए गए विषयों पर चर्चा की गई।

### गतौरा में आनलाइन टिकिटिंग की सुविधा

**बिलासपुर।** यात्रियों को डिजिटल सुविधा प्रदान करने और टिकटिंग प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के गतौरा स्टेशन में 100 फीसदी आनलाइन टिकटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्टेशन के यात्री अब आटोमेटिक टिकिट वेंडिंग मशीन से बिना कतार के अपना टिकिट प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए वाणिज्य विभाग के कर्मचारी यात्रियों की सहायता कर रहे हैं। यात्रियों को आनलाइन भुगतान के साथ घर यूटीएस आन मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकिट लेने की प्रक्रियाओं, होने वाले फायदे की भी जानकारी दी जा रही है।

**रेलवे बोर्ड ने तीन प्रमुख ब्रांड को बेचने की दी अनुमति** रेल नीर बंद होने और सप्लाई प्रभावित होने के कारण बढ़ी यात्रियों की परेशानी

# शिवनाथ, किनले और अमरकंटक ब्रांड के पानी से बुझेगी यात्रियों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल नीर प्लांट बंद होने के साथ बिलासपुर सहित अन्य स्टेशनों पर सप्लाई में काफी परेशानी हो रही है। इसके कारण यात्रियों को भी समय पर पानी उपलब्ध नहीं होने से काफी समस्या हो रही थी। यात्रियों की परेशानी और रेल नीर सप्लाई का कार्य प्रभावित होते देख रेल प्रशासन की पहल से अब एसईसीआर जोन के तीनों डिवीजन में प्रदेश के मुख्य ब्रांड अमरकंटक, किनले और शिवनाथ के पानी बोतल बेचने का आदेश जारी कर दिया गया है। रेल नीर के साथ यात्रियों की अब तीनों ब्रांड के पानी से प्यास बुझ सकेगी।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर संचालित होने वाले स्टाल और ट्रेनों के पेंट्रीकार में यात्रियों को खाने-पीने की वस्तु से लेकर पानी की बोतल की बिक्री होती है, जिसकी कीमत रेलवे बोर्ड द्वारा तय किया गया है, जिसका संचालन आईआरसीटीसी और रेल प्रशासन द्वारा किया जाता है। आठ साल पहले बिलासपुर सहित अन्य स्टेशनों में लोकल ब्रांड की पानी के बोतल बेचे जा रहे थे। रेल नीर के साथ यात्रियों को दूसरी कंपनी के पानी बोतल से भी अपनी प्यास बुझाने की सुविधा मिल रही थी। दूसरे ब्रांड की सुविधा को बंद करने के लिए रेलवे बोर्ड ने सख्त आदेश देते हुए आईआरसीटीसी को रेल नीर शुरु करने को कहा था। बोर्ड से आदेश मिलने से




पहले बिलासपुर स्टेशन में पानी की सप्लाई बिहार के दानापुर रेलवे स्टेशन से होती थी। आदेश मिलने के बाद बिलासपुर के सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र में रेल नीर का प्लांट बनाया गया था। पानी के बोतल उत्पादन से लेकर सप्लाई करने का ठेका कोलकाता की कंपनी को दिया गया था। बिलासपुर सहित आसपास के छोटे बड़े स्टेशनों में सभी स्टॉल संचालकों को लोकल ब्रांड के स्थान पर रेल नीर के पानी बोतल रखने और बेचने का आदेश दे दिया गया। आठ साल तक प्लांट से प्रोडक्शन किया गया रेल नीर पानी का बोतल जोन के तीनों डिवीजन रायपुर, बिलासपुर और नागपुर सहित अन्य स्टेशनों में सप्लाई हो रहा था। बिलासपुर में पानी का प्रोडक्शन और सप्लाई होने की वजह से किसी तरह की समस्या रहीं हो रही थी। आठ साल बाद कोलकाता की कंपनी ने रेल नीर प्लांट का संचालन करने से अपना हाथ खींच लिया, जिसकी वजह से रेल नीर प्लांट में ताला लग गया है। प्लांट बंद होते ही बिलासपुर सहित आसपास के स्टेशनों में रेल नीर की सप्लाई पर काफी असर पड़ रहा है। यात्रियों की मांग के बावजूद रेल नीर की बोतल नहीं होने से स्टॉल संचालकों को काफी परेशानी हो रही है। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने प्रदेश के तीन मुख्य पानी के ब्रांड अमरकंटक, शिवनाथ और किनले के पानी को बेचने की अनुमति जारी कर दी है।

**रायपुर में शिवनाथ और बिलासपुर में अमरकंटक**

रेलवे से मिली जानकारी और जारी किए गए आदेश के अनुसार रेल नीर की सप्लाई प्रभावित होने और यात्रियों को गर्मी में परेशानियों को देखते हुए प्रदेश के तीन मुख्य पानी के ब्रांड किनले, शिवनाथ और अमरकंटक को बेचने जाने की अनुमति दे दी गई है। जारी किए गए नोटिफिकेशन में अमरकंटक के पानी बोतल की बिक्री बिलासपुर डिवीजन के कटनी मुरवारा से लेकर ईब स्टेशन यानि ओडिशा तक, शिवनाथ के पानी बोतल रायपुर डिवीजन में किनले कंपनी की पानी बोतल जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर सहित सभी स्टेशनों में बिक्री की जाएगी।

### ईब से कटनी तक पानी की सप्लाई

सिरगिट्टी में संचालित हो रहे प्लांट से बिलासपुर के साथ उसलापुर, शहडोल, पेण्ड्रारोड, रायगढ़, कोरबा, ईब, रायपुर, दुर्ग, नागपुर एवं कटनी मुरवारा व अन्य स्टेशनों में पानी के बोतल की सप्लाई की जा रही थी। यहां से पानी की पेटी के रेट स्टाल संचालकों को 120 रुपए देना पड़ रहा था। वर्तमान में हालत यह हो गया है कि नागपुर से गाड़ी कभी आती है और कभी नहीं आती है। इसकी वजह से बिलासपुर डिवीजन के अंतिम स्टेशन ईब स्टेशन तक पानी की समस्या होने के साथ ही नागपुर से आने वाली रेल नीर की पानी की पेटी के लिए स्टाल संचालकों को 6 रुपए अतिरिक्त देना मजबूरी हो गई है।

### नहीं निकाली गई निविदा

सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र में संचालित रेल नीर का ठेका कोलकाता की कंपनी ने लिया था। कंपनी को सप्लाई और प्रोडक्शन में परेशानी हो रही थी। इस प्लांट को बंद करने के लिए कंपनी के संचालक ने कई बार आईआरसीटीसी को पत्र लिखा था। आखिरकार नवम्बर माह में कंपनी ने रेल नीर प्लांट को पूरी तरह से आईआरसीटीसी को हैंड ओवर कर दिया। प्लांट में ताला लगते ही स्टेशन और प्लेटफार्म पर रेल नीर की सप्लाई में परेशानी होने लगी, जिसे देखते हुए रेलवे ने नागपुर के प्लांट से रेल नीर की पेटियां मंगाना शुरु किया गया। प्लांट बंद हुए पांच माह से अधिक हो चुके हैं, लेकिन आईआरसीटीसी की ओर से अब तक नया टेंडर नहीं निकाला गया है।

### दी गई है अनुमति

रेल नीर के प्लांट को अब तक नहीं ओपन किया गया है। वहीं पानी सप्लाई में काफी समस्या आ रही है। गर्मी में यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसे देखते हुए किनले, अमरकंटक और शिवनाथ कंपनी के पानी बोतल बिक्री करने की अनुमति दे दी गई है।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

प्रदेश में अधिकतम 5 घाट ही दिए जाएंगे, पूरी प्रक्रिया प्रोजेक्टर पर दिखेगी

# एक व्यक्ति को जिले में मिलेगा एक ही घाट 240 रेत घाटों की होगी आनलाइन नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में अब रेट घाटों की नीलामी आनलाइन माध्यम से की जाएगी। इसके लिए विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया जा चुका है। राज्य सरकार जल्द ही सॉफ्टवेयर कंपनी के साथ अनुबंध कर नीलामी प्रक्रिया शुरू करेगी। इच्छुक बोली लगाने वाले घर बैठे रेत घाट की नीलामी के लिए आनलाइन आवेदन करने के साथ-साथ सिक्यूरिटी मनी भी जमा कर सकेंगे। साथ ही इसकी वापसी भी आनलाइन हो जाएगी। इस साफ्टवेयर की मदद से बोली की प्रक्रिया लाइव प्रोजेक्टर पर दिखाई जाएगी। खास बात है कि इस प्रक्रिया से प्रदेश में रेत के अवैध उत्खनन के बंद होने के साथ ही एक व्यक्ति को जिले में 1 तो प्रदेश में 5 घाट ही दिए जाएंगे। ध्यान रहे कि प्रदेश में 240 से ज्यादा रेत घाट नीलाम होने की कतार में हैं।

- राज्य सरकार तैयार कर रही विशेष साफ्टवेयर

प्रदेश में रेत खदानों की नीलामी की प्रक्रिया में अभी काफी समय लगता है, जिससे खनिज विभाग और बोली लगाने वाले दोनों को ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिस जगह नीलामी होती हैं वहां दस्तावेजों की छंटाई और जांच का काम सुबह से लेकर रात तक चलता था। इसके बाद, नीलामी खत्म होने पर डीडी वापस लेने के लिए लंबी कतारों का सामना करना पड़ता था। अब लेकिन ऑनलाइन नीलामी की व्यवस्था से यह सभी दिक्कतें दूर हो जाएंगी। जैसे ही किसी जिले में एक या अधिक घाटों की नीलामी की आवश्यकता होगी, संबंधित जिला अनुबंधित सॉफ्टवेयर कंपनी को सूचना देगा। इसके बाद कंपनी नीलामी से संबंधित सूचना का प्रकाशन करेगी, जिससे पूरी प्रक्रिया सरल और सुविधाजनक हो जाएगी।



### यह दस्तावेज करना होगा जमा

खनिज विभाग के मुताबिक इस प्रक्रिया में बोली लगाने वाले कंपनी में रजिस्ट्रेशन कराएंगे। जिसमें अपना आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, शपथ पत्र सहित सभी दस्तावेज आनलाइन अपलोड करेंगे। वे आवेदन की फीस व घाट की सिक्यूरिटी मनी आनलाइन पटाएंगे। नीलामी के दिन जिले में खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी कंप्यूटर सिस्टम लेकर बैठेंगे। वहां प्रोजेक्टर लगा होगा वहां बोलीदारों के निवास प्रमाण पत्र की जांच होगी।

### नीलामी स्थल पर आने की जरूरत नहीं

रेत की नीलामी आनलाइन के माध्यम से रिकॉर्ड होगी, जिससे कोई भी विवाद होने पर आसानी से जांच हो सकेगी। रेत की बोली लगाने वाले अब नीलामी स्थल पर आए बिना ही घर बैठे मोबाइल से नीलामी प्रक्रिया को लाइव देख सकेंगे। इसके लिए कंपनी एक लिंक जारी करेगा। इस लिंक के जरिए जिससे बोली लगाने वाले आनलाइन नीलामी को आसानी से देख और समझ सकें।

### पहले टेक्निकल फिर फाइनेंशियल बिड

अधिकारियों के मुताबिक पहले टेक्निकल बीड होगा फिर फाइनेंशियल बीड की प्रक्रिया होगी। जिनके दस्तावेज सही होंगे, वे लाटरी के लिए पात्र होंगे। वहीं अपात्रों की सूची स्क्रीन पर कारण सहित नजर आएगी। ओके का बटन दबाते ही पात्र बोलीदारों के नाम एक-एक कर लाटरी बाक्स में गिरते जाएंगे और उनमें से एक नाम निकलेगा। वहां मौजूद बोलीदार ये पूरी प्रक्रिया प्रोजेक्टर पर देखेंगे। जिसका नाम निकलेगा, उसे एडीएम सफल बोलीदार घोषित करेंगे। यदि उसके नाम पर पहले से ही प्रदेश में 5 घाट हैं तो साफ्टवेयर उसका नाम लाटरी में शामिल ही नहीं करेगा।

### आनलाइन से प्रक्रिया आसान होगी

प्रदेश में रेत खदानों की नीलामी की प्रक्रिया में अभी काफी समय लगता है। आनलाइन प्रक्रिया होने से सबकुछ आसान हो जाएगा। साफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। इसमें कुछ परेशानी आ रही थी जिसके कारण रोक दिया गया है। चुनाव आचार संहिता के बाद इसे पूरा किया जाएगा। इस बारे में राज्य स्तर पर प्रक्रिया चल रही है।

- **रमाकांत सोनी**, खनिज अधिकारी

**जमीन दलाल गिरफ्तार**

# फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन बेचकर 1 करोड़ 75 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिटायर्ड सहायक आयुक्त से फर्जी दस्तावेज के सहारे रिंग रोड टू में दो जमीन बेचकर 1 करोड़ 75 रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

- पटवारी सहित कई फरार

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया कि उसलापुर अल्का एवेन्यू निवासी रिटायर्ड आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त अमरचंद बर्मन ने सिंधी कालोनी निवासी राजकुमार उर्फ राजू बजाज से रिंग रोड टू में उनकी जमीन को अपने बेटे यतिन्द्र के लिए खरीदने के लिए सौदा तय कर 72 लाख रुपए दे दिया। उसके बाद उक्त जमीन में गड़बड़ी होने पर रजिस्ट्री नहीं हो पाई। उसके बाद राजू बजाज ने उन्हें रिंग रोड टू में दूसरी जमीन दिलवाने की बात कहकर श्रीराम केयर हास्पिटल के पीछे गीताजंली विहार निवासी विकास मांझी पिता चंडीचरण मांझी से मिलाया।

विकास मांझी अपने दोस्त राजेश पाण्डे के साथ मिलकर उन्हें रिंग रोड टू में खसरा नम्बर 448 / 11 ग व खसरा नम्बर 448 / 37 ग विजय लक्ष्मी शर्मा व रामेश्वर पाण्डेय के नाम पर जमीन दिखाकर दस्तावेज दिखाया। श्री बर्मन से कुल 1 करोड़ 75 लाख रुपए लेकर दोनों खसरा नम्बर की जमीन की रजिस्ट्री करा दी गई। श्री बर्मन ने जरूरत पड़ने पर उक्त दोनों खसरा नम्बर की जमीन बेचने के लिए सौदा किया तब उन्हें जानकारी उक्त दोनों खसरा नम्बर की जमीन रिंग रोड टू में है ही नहीं। उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। श्री बर्मन ने सीएसपी निमितेश सिह परिहार से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी। श्री परिहार के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने श्री बर्मन की रिपोर्ट पर राजू बजाज, विकास मांझी, राजेश पाण्डेय व पटवारी सुरेश सिंह ठाकुर के खिलाफ धारा 420, 120 बी, 467, 468, 471, 474 के तहत जुर्म दर्ज किया गया। एएसआई चंद्रकांत डहरिया ने आरोपी विकास मांझी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### पत्नी बेटी ने की महिला आरक्षक से हुज्जतबाजी

टीआई साहू ने बताया, वह स्टाफ के साथ आरोपी विकास मांझी के घर दस्तावेजो की जांच करने गए तो उनकी पत्नी सुशीला मांझी, बेटी युक्ता मांझी उन्हें गुमराह कर जमीन के फर्जी दस्तावेजों में छिपाने की कोशिश कर रहे थे। उनकी बेटी युकता मांझी दस्तावेज छिपाकर भागने की कोशिश कर रही थी, तब महिला आरक्षक ओमकुमारी वैष्णव ने पकड़ लिया। तो युक्ता ने उनके साथ हुज्जतबाजी कर जमकर हंगामा मचाया गया। पुलिस ने महिला आरक्षक की रिपोर्ट पर मां बेटी के खिलाफ बीएनएस की धारा 221, 132,121, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस ने उनके घर से अपने प्रकरण के दस्तावेज जब्त किया है।

# सिम्स को मिले 9 करोड़ 82 लाख रुपए

**बिलासपुर।** स्वशासी प्रबंधकारणी समिति की बैठक सिम्स सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संभागायुक्त महादेव कावरे ने की। बैठक में सिम्स के उपकरण खरीदी, बिल्डिंग उन्नयन हेतु 9 करोड़ 82 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

सिम्स मेडिकल कॉलेज में स्वशासी प्रबंधकारणी समिति की बैठक शुक्रवार को सिम्स सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मेडिकल छात्रों और मरीजों की सुविधाओं के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, डीन एवं कोरबा मेडिकल कॉलेज के डीन बैठक में वीसी के जरिए शामिल हुए। संस्थान की शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय व्यवस्था और सुविधाएं विकसित करने प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। स्वशासी समिति सिम्स के लिए 2025-26 का वार्षिक बजट अनुमोदित किया गया। 9 करोड़ 82 लाख रूपए का वार्षिक बजट तैयार किया गया है। अस्थि रोग विभाग में मरीजों के फिजियोथैरिपी हेतु चिकित्सकीय उपकरणों खरीदी हेतु 2 लाख 85 हजार रूपए की स्वीकृति मिली है। सिम्स परिसर में स्थित सभी हॉस्टलों में आवश्यक मरम्मत के कार्य कराए जाएंगे। अतिथि गृह में अतिथियों को कक्ष आबंटन हेतु निर्धारित नियमावली व निर्धारित शुल्क पर भी चर्चा की गई। एमबीबीएस पाठ्क्रम के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन अप्रैल माह में किया जाएगा, जिसमें 4 लाख 92 हजार रूपए का खर्च संभावित है। संभागायुक्त को पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन से भी अवगत कराया गया। इसी प्रकार स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति कोरबा मेडिकल कॉलेज एवं रायगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए भी बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में एडीएम एआर कुरूवंशी, डीन सिम्स डॉ. रमणेश मूर्ति, अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, उपायुक्त डॉ. स्मृति तिवारी सहित सिम्स के अन्य प्रशासकीय अधिकारी मौजूद थे।

- स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक

### राशि डबल करने का झांसा, 15 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** राशि डबल करने का झांसा देकर लोगों से 15 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। कोटा पुलिस के अनुसार, ग्राम करवा निवासी फेकूराम चतुर्वेदी ने रिपोर्ट लिखाई। वर्ष 2013 से 16 के बीच रीगल भवन निर्माण एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर व उसके अन्य साथियों ने गांव के लोगों से अपनी कंपनी में पैसा जमा करने पर पैसा डबल करने का झांसा देकर अपने बिलासपुर करबला रोड स्थित आफिस में पैसा जमा कराया। इस तरह गांव वालों ने कंपनी में 15 लाख रुपए जमा किया था। कंपनी पैसा लौटाने के बजाए आफिस बंद कर भाग गया। पुलिस ने फेकूराम की रिपोर्ट पर कंपनी के पंकज वर्मा एवं अन्य के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# मेयर ने गठित की एमआईसी,14 सदस्य शामिल, सभी को दी गई जिम्मेदारी

**बिलासपुर।** मेयर एल पद्मजा पूजा विधानी ने गुरुवार 13 मार्च की शाम एमआईसी का गठन कर दिया है। इसमें 14 सदस्यों को शामिल कर विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई हैं।

जारी आदेश के अनुसार पार्षद श्रीमती केशरी इंगोले को जलकार्य विभाग, श्याम कुमार साहू को खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग, तिलकराम साहू को नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग, बंधुलाल मौर्य को लोक कर्म विभाग, प्रकाश यादव को सामान्य प्रशासन एवं विधायी कार्य, संजय यादव को संस्कृति, पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग, विजय ताम्रकार को अग्निशमन, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग, श्रीमती रेखा पाण्डेय को राजस्व विभाग, श्रीमती सीमा संजय




सिंह को महिला एवं बाल विकास विभाग, दिनेश देवांगन को गरीबी उमशमन एवं समाज कल्याण विभाग, मोतीलाल गंगवानी को वित्त, लेखा एवं अंकेक्षण विभाग, श्रीमती कुसुम महाबली को पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग, श्रीमती रूपाली गुप्ता को शिक्षा खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग,श्रीमती सुनीता जगत को अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार सभी सदस्यों की नियुक्ति अस्थाई तौर पर की गई है। उल्लेखनीय है कि निगम चुनाव के बाद से एमआईसी के गठन के लिए काफी उठापटक चल रही थी, सभापति का चुनाव होने के बाद अब एमआईसी भी गठित हो गई है। अब जल्द ही सामान्य सभा होने की संभावना जताई जा रही है।

### जवाली नाला पुल पर सौंदर्यीकरण अधूरा

**बिलासपुर।** यातायात व्यवस्था में सुधार लाने सड़क के बीच से गुजरने वाले जवाली नाला के ऊपर बाईपास रोड का निर्माण किया गया है। इसके अलावा राजेन्द्र नगर से बृहस्पति बाजार की तरफ जाने वाले जवालीपुल पर सौंदर्यीकरण करने का निर्माण लिया है। जिसके ऊपर सीमेंट का बीम तैयार हो चुका है। उक्त नाले का सौंदर्यीकरण अब तक अधूरा है। नाले के सौंदर्यीकरण की घोषणा होने के बाद नागरिकों ने जमकर विरोध किया था।




# पत्नी की गमछा से गला दबाकर की थी हत्या, पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खमतराई महिला के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को सफलता मिल गई है। पुलिस ने मृतका की पहचान कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। चरित्रशंका पर पति ने अपने पत्नी की गमछा से गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया है।

ज्ञात हो कि 12 मार्च की सुबह सरकण्डा खमतराई नहर रोड में एक महिला की लाश मिली थी। मृतका की पहचान नहीं होने पर पुलिस पहचान कार्रवाई में लगी हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि की गई। काफी मशक्कत के बाद सोशल मीडिया के माध्यम से मृतका की पहचान सरकण्डा बंगालीपारा निवासी दुर्गा उर्फ ऐश्वर्या खैरवार पति संतोष खैरवार 30 साल के रूप में हुई, जिसका पुराना मकान खमतराई है।



मृतका।



आरोपी।

**अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी**

पुलिस ने पुराने मकान में दबिश दी तो उसका पति नीं मिला। परिजन से पूछताछ में जानकारी मिली उसका पैतृक गांव मस्तूरी एरमशाही है। पुलिस ने पैतृक मकान में दबिश देकर संतोष खैरवार को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने पत्नी की हत्या करना स्वीकार कर लिया। टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, उसकी पत्नी दुर्गा उर्फ ऐश्वर्या अपने फूफा के साथ हमेशा मोबाइल में बातचीत करती थी। उसने कई बार अपने पत्नी को उससे बात करने से मना किया किन्तु वह नहीं मान रही थी।

चरित्रशंका पर वह 12 मार्च की रात 1 से 2 बजे के बीच अपनी पत्नी को शौच के लिए नहर के तरफ गया और मौका पाकर गमछा से गला दबाकर हत्या कर लाश झाड़ियों में छिपाकर भाग गया था। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103, 1 के तहत आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।







